# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0 पिन–247120)

**Website-msuniversity.ac.in** **Email – registrar@msuniversity.ac.in**

पत्रांक : 928 / 10 / ए.डे. /MSU/2022-23 दिनांक :– 12.07.2022

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / सचिव / निदेशक,
सम्बद्ध समस्त राजकीय / वित्तपोषित / स्ववित्तपोषित महाविद्यालय / संस्थान,
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।

**विषय :–राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के क्रियान्वयन हेतु राष्ट्रीय मुख्य सचिव सम्मेलन के क्रम में प्रदेश स्तरीय कान्फ्रेंस के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन के पत्र सं0 1699 / सत्तर–3–2022 दिनांक 27 जून, 2022 **(प्रति संलग्न)** के क्रम में मुख्य सचिव के राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के क्रियान्वयन हेतु कार्य योजना के सम्बन्ध में मुख्य सचिव, उ0प्र0 की अध्यक्षता में प्रदेश स्तरीय वर्चुअल कान्फ्रेंस माह जुलाई, 2022 में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें संलग्न पत्र दिनांक 27.06.2022 में वर्णित समस्त बिन्दुओं पर समस्त महाविद्यालय / संस्थान में अब तक की गई कार्यवाही एवं भविष्य की कार्य योजना के सम्बन्ध में आख्या चाही गई है।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने महाविद्यालय / संस्थान से सम्बन्धित उपरोक्त बिन्दुओं पर पूर्ण विवरण दिनांक 19.07.2022 सायं 03:00 बजे तक E-mail ID : registrar@msuniversity.ac.in पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

सधन्यवाद,

भवदीय

**संलग्नक** – उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन
का पत्र दिनांक 27.06.2022

**(डॉ0 विनोद कुमार)**
समन्वयक् शैक्षणिक
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय
सहारनपुर

संख्या– 1699 / सत्तर–3–2022

प्रेषक,

मोनिका एस. गर्ग,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. कुलपति ,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उ0प्र0।

2. निदेशक,
उच्च शिक्षा उ0प्र0
प्रयागराज।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3

लखनऊ : दिनांक 27 जून, 2022

**विषय:– राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के कियान्वयन हेतु राष्ट्रीय मुख्य सचिव सम्मेलन के कम में प्रदेश स्तरीय कान्फ्रेंस के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि दिनांक 16–17 जून, 2022 को राष्ट्रीय मुख्य सचिव सम्मेलन के कम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के कियान्वयन हेतु आगामी 02 वर्षों की कार्ययोजना के सम्बन्ध में मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में शीघ्र वर्चुअल प्रदेश स्तरीय कान्फ्रेंस प्रस्तावित है।

2– राष्ट्रीय मुख्य सचिव सम्मेलन के कम में विश्वविद्यालयों एवं निदेशालय के अधिकारियों के साथ एक वर्चुअल कान्फ्रेन्स दिनांक 22.06.2022 को आयोजित की गयी, जिसमें कई विश्वविद्यालयों ने अपनी बेस्ट प्रैक्टिसेस के विषय में बताया जिसकी सूची संलग्न की जा रही है।

3– उक्त राष्ट्रीय सम्मेलन में चिन्हित महत्वपूर्ण मुद्दो पर पत्र सं01693/सत्तर–3–2022 दिनाक 24.06.2022 एवं पत्र सं01694/सत्तर–3–2022 दिनांक 24.06.2022 जारी किए गए हैं।

4– इस कम में NEP-2020 के अग्रेतर प्रभावी कियान्वयन हेतु निम्न क्षेत्रों में कार्यवाही अपेक्षित है:–

1. **NAAC Accreditation of HEIs and Using university funds for accreditation of govt./aided colleges**
2. उद्योग– अकादमी समन्वय और पाठ्यकम में कौशल विकास एव इन्टर्नशिप का समावेशन
3. **R&D in defence, drone technology, sunrise opportunities and emerging technology**
4. इन्क्यूबेटर्स की स्थापना एवं स्टार्ट–अप उद्यमिता को सहायता, स्टार्टअप नीति का कियान्वयन
5. **IKS-R&D and inclusion in curriculum**
6. **Exam Reforms**
7. **LMS and digitalisation of HEIs**

8. **NEP** की अपेक्षाओं के अनुरूप विश्वविद्यालयों की परिनियमावली में संशोधन।

9. बालिकाओं के नामांकन में वृद्धि हेतु जुलाई–अगस्त, 2022 में विशेष अभियान

10. महाविद्यालयों में स्थापित स्मार्ट क्लासरूम्स एवं ई–लर्निंग पार्क्स का उपयोग

11. **Training /Capacity building of faculty**

इन पर चर्चा–परिचर्चा हेतु मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में प्रदेश–स्तरीय वर्चुअल कान्फ्रेंस माह जुलाई में आयोजित की जाएगी।

कृपया उपरोक्तानुसार एजेण्डा बिन्दुओं पर कुलपतिगण द्वारा 08–12 मिनट का प्रस्तुतीकरण किये जाने की अपेक्षा की गई है। प्रस्तुतीकरण प्रदेश स्तरीय स्थिति पर आधारित होगा कि उक्त क्षेत्र में विभिन्न विश्वविद्यालयों की अद्यतन स्थिति क्या है और अब विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों द्वारा क्या–क्या कार्यवाही अपेक्षित / नियोजित है। अनुरोध है कि हर कुलपति अपनी रूचि का क्षेत्र अधोहस्ताक्षरी को यथाशीघ्र सूचित करने का कष्ट करें।

5– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त वर्चुअल वर्कशाप में अपने से सम्बन्धित संस्थान के कुलसचिव, वित्त नियंत्रक, समस्त विभागाध्यक्षों एवं संकायाध्यक्षों के साथ प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

भवदीया,

( मोनिका एस.गर्ग )
अपर मुख्य सचिव,

संख्या–1699 / सत्तर–3–2022–तद्दिनॉकः

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– कुलसचिव, समस्त राज्य विश्वविद्यालय, उ0प्र0।

2– समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0 को इस निर्देश सहित प्रेषित कि प्रश्नगत वर्चुअल कान्फ्रेंस में प्रतिभाग करने का कष्ट करें। उक्त के अतिरिक्त जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी / विश्वविद्यालय के कक्ष से प्रतिभाग करेंगे।

3– अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद को इस निर्देश सहित प्रेषित कि समस्त कुलपतिगण से सम्पर्क करते हुए प्रदेश स्तरीय कान्फ्रेंस हेतु वक्ता चिन्हित करके दिनांक 05 जुलाई, 2022 तक शासन को अवगत करायें।

आज्ञा से,

( मनोज कुमार )
विशेष सचिव।